AARTI INDUSTRIES

स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति

हम आरती इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एआईएल) में अपने सभी व्यावसायिक कार्यों, सेवाओं और विस्तार गतिविधियों का संचालन करते हुए स्वास्थ्य एवं कल्याण, सुरक्षा, संरक्षा, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, उत्पाद की गुणवत्ता और प्रक्रियाओं के विश्वस्तर के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, हम निम्नलिखित मापदण्डो को सुनिश्चित करते हैं :

- स्वास्थ्य एवं कल्याण, सुरक्षा, संरक्षा, पर्यावरण, गुणवत्ता, और मानव संसाधन पहलुओं के संबंध में सभी लागू वैधानिक, नियामक और अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन करना;
- संबंधित इंट्रेस्टेड पार्टियों के साथ प्रभावी संचार, भागीदारी और परामर्श के माध्यम से एचएसएसई संस्कृति को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य, सुरक्षा, संरक्षा, पर्यावरण, और गुणवत्ता कार्यक्रमों को लागू करना;
- संबंधित इंट्रेस्टेड पार्टियों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को पूरा करते हुए हमारे उत्पादों के डिजाइन, विकास, विनिर्माण, हैंडलिंग, भंडारण एवं वितरण चरणों के दौरान स्वास्थ्य, सुरक्षा, संरक्षा एवं पर्यावरण संबंधी जोखिमों को प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम करना।
- व्यावसायिक निर्णय लेने के लिए एचएसई और सस्टेनेबिलिटी को मुख्य मापदण्ड के रूप में सुनिश्चित करना।
- किसी भी दुर्घटना या क्षति के प्रति शून्य सहिष्णुता की मानसिकता का पालन करना एवं कार्य स्थल को चोट मुक्त बनाना।
- कंपनी के व्यावसायिक कार्यों से जुड़े सभी कर्मियों, ग्राहकों और समुदायों को संभावित एचएसई खतरों से दूर करना और उनके प्रभाव को कम करना।
- कंपनी में एचएसएसई प्रदर्शन में निरंतर सुधार के लिए डिजिटल उपकरणों, आधुनिक तरीकों जैसे की समय-समय पर सुरक्षा और संयंत्र की स्थिति की समीक्षा, गुणवत्ता का आश्वासन, घटना और जोखिमों का मूल्यांकन एवं प्रबंधन करना।
- पर्यावरण की सुरक्षा और वैल्यू चैन में पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कार्यस्थल और आस-पास के क्षेत्रों में प्रदूषण की रोकथाम, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, स्रोत पर व्यावसायिक कचरे का नियंत्रण, नैसर्गिक संसाधनों का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण करना।
- पर्याप्त प्रक्रियाओं, नियंत्रणों और पर्यवेक्षण के माध्यम से रेस्पोंसिबल केयर प्रबंधन प्रणाली, एचएसएसई एंड सस्टेनेबिलिटी प्रथाओं की स्थापना करना जिसमें परिसर में प्रवेश करने वाले कर्मचारियों, ठेकेदारों, उप-ठेकेदारों, परिवाहकों, परिदर्शकों और संबंधित इंट्रेस्टेड पार्टियों के लिए जिम्मेदारियां तय करना शामिल है।
- शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित इंट्रेस्टेड पार्टियों में एचएसई और सस्टेनेबिलिटी की जागरूकता पैदा करना।
- कर्मचारियों, ग्राहकों, समुदाय, व्यापारिक सहयोगियों और इंट्रेस्टेड पार्टियों के लिए एचएसई नीति और सस्टेनेबिलिटी के प्रदर्शन को संप्रेषित करना।
- उत्पाद और प्रक्रियाओं के जीवन चक्र में एचएसई, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक पर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन प्रदान करना।
- अपने सभी संबंधित हितधारकों के बीच एचएसई जागरूकता और योग्यता बढ़ाने के उद्देश्य हेतु लगातार सीखते रहना।
- एचएसएसई प्रदर्शन पर उद्देश्यों और लक्ष्यों की स्थापना, परिवेक्षा, मानकीकरण, और समीक्षा करना (सेट, मॉनिटर, बेंचमार्क और समीक्षा करना) तथा ओएच एंड एस प्रबंधन कार्यक्रम को लागू करके और उनके पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करके उन्हें लगातार सुधार करना।

एपेक्स सस्टेनेबिलिटी काउंसिल के सदस्य स्थानीय कानूनों और लागू मानकों के अनुरूप एचएसई नीति की स्थापना, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं।

यह एचएसई नीति उभरते जोखिमों, मुद्दों तथा उद्योग एवं पारिस्थितिकी तंत्र की प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर समीक्षा की जाएगी, ताकि इसकी निरंतर प्रासंगिकता सुनिश्चित की जा सके।

हस्ताक्षरित द्वारा

राजेंद्र वी. गोगरी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निर्देशक

नीति क्रमांक: AIL/MFG/POL/01/07/03
अंक क्रमांक ०७, संशोधन क्रमांक ०३
पुनरीक्षण तिथि : ३१/०३/ २०२६